**निगमित संप्रेषण व निवेशक संबंध**
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे 5
टेली -020 :25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार

## प्रेस विज्ञप्ति
## प्रगति की ओर अगला कदम बढ़ाते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने डिजिटल प्रोडक्ट लॉन्च किए

**पुणे, 10 मई, 2022**: बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश का सार्वजनिक क्षेत्र का एक प्रमुख बैंक है। बैंक ने हाल ही में रणनीतिक बैठक आयोजित की। इस बैठक में बैंक के निदेशक मंडल, महाप्रबंधकों और अंचल प्रमुखों ने सहभाग लिया। इस बैठक का उद्देश्य ग्राहकों की सुविधा के लिए विभिन्न डिजिटल प्रोडक्ट प्रदान करने के साथ ही बैंक के व्यवसाय माइलस्टोन को प्राप्त करने के प्रति बैंक का स्वॉट एनालिसिस करना था।

रणनीतिक बैठक का नेतृत्व करते हुए प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री ए. एस. राजीव ने कहा कि ग्राहक सुविधा में संवर्धन करते हुए बैंक के डिजिटल चैनलों की मजबूती के प्रति हमारे विचारों और प्रयासों में समन्वय है। उन्होंने कहा कि दक्षता के मामले में देश के शीर्ष 3 बैंकों में बने रहने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं, जो कि डिजिटल चैनलों का ईष्टतम स्तर तक विस्तार करके ही संभव है।

श्री ए. बी. विजयकुमार, कार्यपालक निदेशक ने कहा कि बैंक बढ़ते डिजिटल व्यवसाय को हासिल करने तथा सुगम और बाधारहित डिजिटल यात्रा के इरादे से एक मजबूत डिजिटल इकोसिस्टम बनाने के अपने प्रयासों में संवर्धन की उम्मीद कर रहा है। उन्होंने प्रौद्योगिकी के माध्यम से अनुपालन प्रणाली को मजबूत करने और सेवा से वंचित लोगों को बाधारहित सेवाएं प्रदान करने पर जोर दिया।

श्री आशीष पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक ने कहा कि बैंक के लिए वित्तीय वर्ष–23 को डिजिटल वर्ष घोषित किया गया है। बैंक अपने हितधारकों की सुविधा के लिए विभिन्न डिजिटल प्रोडक्ट लॉन्च करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि इन डिजिटल पहलों के माध्यम से सभी क्षेत्रों में बैंकिंग करने के बेहतर तरीकों के साथ ग्राहकों को सशक्त बनाने पर मुख्य जोर रहेगा। यह ईज़ (EASE) सुधार एजेंडे के अनुरूप मजबूत डिजिटल इकोसिस्टम की स्थापना में भी सहायक होगा।

रणनीतिक बैठक में, बैंक ने विभिन्न डिजिटल उत्पाद लॉन्च किए यथा – महाबैंक लीड्स, डिजिटल महाबैंक किसान क्रेडिट कार्ड (एमकेसीसी), वर्चुअल विजिटिंग कार्ड (वी–कार्ड) आदि। महाबैंक लीड्स एप्लिकेशन का तात्पर्य विभिन्न ऋण उत्पादों के लिए प्रत्यक्ष विक्रय को बढ़ावा देते हुए बेहतर ग्राहक समावेश के साथ लीड समावेश और प्रत्यक्ष बिक्री है। डिजिटल महाबैंक किसान क्रेडिट कार्ड (एमकेसीसी) बैंक से पर्याप्त और समय पर ऋण सहायता प्राप्त करने के लिए महाबैंक किसान क्रेडिट कार्ड (एमकेसीसी) सुविधा का लाभ उठाने के लिए एक बाधारहित डिजिटल यात्रा है। वर्चुअल विजिटिंग कार्ड (वी–कार्ड) पेपरलेस इन्वायरनमेंट को बढ़ावा देते हुए बैंक के कर्मचारियों को अपने विजिटिंग कार्ड फिंगर टिप्स पर रखने और उन्हें तत्काल एक्सेस करने में सक्षम बनाता है, जिसे व्हाट्सएप के माध्यम से एक क्लिक पर साझा किया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त बैंक ने प्रक्रियात्मक क्षमता के संवर्धन हेतु अन्य एप्लिकेशन लॉन्च किए हैं यथा – टीएटी मॉनिटर, महा दर्पण, प्राइवेट क्लाउड, मार्केटिंग किट, कस्टमर हैंडबुक और कलेक्शन एप।